# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश

# DR. A.P.J. ABDUL KALAM TECHNICAL UNIVERSITY

सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ-226031

**पत्रांकः** ए0के0टी0यू0/कुस0का0/स्था0/2025/9295 **दिनांकः** 15 नवम्बर, 2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य

विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त संस्थान।

**विषयः** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना कें अन्तर्गत एम0ओ0यू0 के माध्यम से उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के संचालन तथा छात्र-छात्राओं में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान मिशन कार्यालय के पत्र संख्या-960/मु0यु0उ0वि0अ0/2025-26 दिनांक 30.10.2025 (प्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत विकास अभियान मिशन एम0ओ0यू0 के माध्यम से उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के संचालन तथा छात्र-छात्राओं में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिए जाने के संबंध पत्र में उल्लिखित व्यवस्थानुसार कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान मिशन कार्यालय के पत्र दिनांक 30.10.2025 में की गयी अपेक्षानुसार कार्यवाही करवाने का कष्ट करें।

**संलग्नकः** यथोक्त।

भवदीय,

(रीना सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः**-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, ट्रेनिगं एण्ड प्लेसमेन्ट ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।

(रीना सिंह)
कुलसचिव

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

मिशन कार्यालय,
निर्यात भवन, प्रथम तल, 8 कैंट रोड, कैसरबाग, लखनऊ–226001
टेली/फैक्स–91–0522–2971255
E-mail –cmmyuva@gmail.com


पत्रांक– 960 /मु0यु0उ0वि0अ0/2025–26 दिनांक – 30/10/2025

सेवा में,

कुलपति/निदेशक/प्राचार्य
सभी संबंधित शिक्षण संस्थान/विश्वविद्यालय/महाविद्यालय (सूची अनुसार)

विषय :–मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत एम०ओ०यू० के माध्यम से उद्यमिता विकास कार्यक्रमों के संचालन तथा छात्र–छात्राओं में स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिए जाने के संबंध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित "मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना" शासन की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 1,00,000 युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा 10 वर्षों में 10,00,000 युवाओं को स्वरोजगारयुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु प्रदेश में कुल 1.50 लाख लाभार्थियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष 70,200 लाभार्थियों को अब तक ऋण वितरण किया जा चुका है। योजना के अंतर्गत माह जुलाई एवं माह सितम्बर, 2025 में प्रदेश के 6 मंडलों में मुख्यमंत्री युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक फ्रैंचाइज़ी ब्रांड, सप्लायर एवं बिज़नेस ऑन व्हील्स द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त आयोजनों में 12,000 से अधिक युवाओं ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान से जुड़ने की अभिरुचि व्यक्त की है।

इस क्रम में शैक्षणिक संस्थाओं के अंतिम वर्ष/पास आउट छात्रों को योजना से जोड़ने हेतु आयोजित सी०एम०–युवा कॉन्क्लेव में आपके संस्थान के साथ संपन्न एम०ओ०यू० के क्रम में एम.ओ.यू. में उल्लिखित प्रमुख सहयोगात्मक बिंदुओं को आगे बढ़ाने हेतु निम्नवत् आवश्यक कार्यवाही अपेक्षित है –

1– सी०एम०युवा योजना की अधिकृत वेबसाइट www.msme.up.gov.in पर योजना के सम्बन्ध में हेल्प डेस्क के साथ–साथ 350 से अधिक परियोजनाओ के सम्बन्ध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/ विडियो/ एक्सपर्ट टाक/ मशीनरी सप्लायर का विस्तृत विवरण उपलब्ध हैं। पोर्टल पर हेल्प डेस्क की मदद से परियोजनाओ का चयन सुगमता से किया जा सकता है। पोर्टल पर हेल्पलाइन नंबर (+91 9129987111, 0522–690555) भी उपलब्ध है, जिस से इस योजना की सम्पूर्ण जानकारी एवं सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। आपसे अपेक्षा है कि अपने संस्थान के पात्र छात्रों के मध्य इस जानकारी को सर्कुलेट करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने कष्ट करें ताकि अधिकाधिक छात्र इससे लाभ उठा सकें।

Registrar / Dean (T&P)
For Circulation to Institutions
31.10.25

DR(D)
1360 31/10/25
Reg. 31/10/25
765 01.11.25
AR(E&A) 1427 03/11/25
03/11
1882 03.11.25

2– अनुरोध है कि कृपया जनपद स्थित जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र (DIC) के साथ समन्वय करते हुए आगामी माहों में प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का एक कैलेंडर तैयार कर मिशन कार्यालय के साथ साझा करने का कष्ट करें। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों मे मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना से संबंधित मॉड्यूल को सम्मिलित किया जाएगा, ताकि योजना के नॉलेज पार्टनर समाधान समिति के सहयोग से उद्यमिता स्थापना से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर प्रभावी रूप से क्षमता वर्धन **(Capacity Building)** सुनिश्चित किया जा सके।

3– योजनान्तर्गत नॉलेज पार्टनर समाधान समिति के सहयोग से नियमित रूप से विभिन्न प्रकार के उद्यमों पर ऑनलाइन वेबिनार्स का आयोजन कराया जा रहा है जिनमें नवीन व्यावसायिक अवसरों, मार्केट ट्रेण्ड, प्रोडक्शन प्रोसेस तथा तकनीकि उपकरणों के उपयोग पर विस्तार पूर्वक जानकारी, विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की जाती है। अतः उक्त वेबीनार्स में इच्छुक छात्र/छात्राओं की प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक कार्यवाही करें।

4–उद्यमिता परियोजनाओं से जुड़े विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं इनक्यूबेशन सहयोग प्रदान कराए जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक व्यवस्था किये जाने के निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें, ताकि वे व्यवसाय योजना, वित्तीय प्रबंधन, विपणन रणनीति एवं संचालन व्यवस्था में दक्ष होकर अपने उद्यमों की सफल स्थापना एवं संचालन सुनिश्चित कर सकें।

उक्त के आलोक में आपसे अनुरोध है कि कृपया योजना के सुचारू एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु परस्पर समन्वय हेतु अपने संस्थान की ओर से एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका नाम एवं मोबाइल नंबर मिशन कार्यालय की ई–मेल आईडी **cmmyuva@gmail-com** पर प्रेषित करवाने का कष्ट करें। यह भी अनुरोध है कि संबंधित नोडल अधिकारी को यह निर्देशित किए जाने का कष्ट करें कि वे मिशन कार्यालय में सहायक आयुक्त उद्योग श्रीमती वीना शर्मा मोबाइल नं0 9621460586 के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मासिक कार्ययोजना, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा MOU से संबंधित डिलिवरेबल्स पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए संबंधित सूचनाएँ समय–समय पर उपलब्ध कराते रहें, जिससे योजना के लक्ष्यों की प्रभावी प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके।

संलग्नकः– यथोक्त।

(के.विजयेन्द्र पांडियन)
मिशन निदेशक

पृ0सं0– 910 /तद्दिनांक– 30/10/2025

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वैयक्तिक सहायक, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, शिविर कार्यालय, लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. अध्यक्ष, समाधान समिति, लखनऊ को सभी सम्बन्धितों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रेषित।

मिशन निदेशक

| S. No. | University Name | Vice Chancellor Name |
|---|---|---|
| 1 | Integral University, LKO | Prof. Javed Musarrat |
| 2 | AKTU, LKO | JAI PRAKASH PANDEY |
| 3 | Khwaja Moinuddin Chishti Language University (KMCLU), LKO | Prof. Ajay Taneja |
| 4 | IMRT, LKO | Dr. Shilpika Pandey |
| 5 | Amity University, LKO | Anil Vashist |
| 6 | SRMU, LKO | Prof. Dr Vikas Misra |
| 7 | Babu Banarasi Das University (BBDU), LUCKNOW | Dr Arun Kumar Mittal |
| 8 | Lucknow University | Prof. Alok Kumar Rai |
| 9 | Baba Bhimrao Ambedkar University | Prof Rajkumar Mittal |
| 10 | CSA University | Dr Anand Kumar |
| 11 | GBTU | Dr Samsher |
| 12 | IIT Kanpur | Dr. Manindra Agrrawal |
| 13 | PSIT | Dr Sanjeev Kumar Bhalla |
| 14 | CSJMU | Dr Vinay Pathak |
| 15 | Dr Shakuntla Mishra | Mr Rohit Singh |

| Sr.No | Name Of College/ University | VC / DirectorName |
|---|---|---|
| 1 | Agra College | C. K. Gautam Ji Dir. Agra College |
| 2 | Sharda University,Agra | Prof Jayanthi Ranjan |
| 3 | Dayalbagh Educational Institute | Prof. C Patwardhan |
| 4 | Mangalayatan University, Aligarh | Prof. PK Dashora/Breg samar veer singh |
| 5 | Gyan Bharti mahavidyalaya ,Aligarh | Gautam Goel |
| 6 | Ajay Kumar Garg Institute of Management (AKGIM) | DR. TR PANDEY |
| 7 | IMS Ghaziabad( University Courses campus) | Dr. Prasoon M Tripathi |
| 8 | Academy of Business and Engineering Sciences (ABES) | Mr. Mahendra Kr. Gupta (CEO) |
| 9 | Indraprastha Engineering College Ghaziabad | Dr. Amit Jain |
| 10 | IMS Ghaziabad | Dr.Jaskiran Kaur |
| 11 | KIET ,Ghaziabad | Dr.Manoj Goel |
| 12 | Galgotias University | KM Babu |
| 13 | Sharda University | Dr. Sibaram Khara |
| 14 | GL Bajaj Institute of Management (GLBIM) | Dr. Preeti Bajaj |
| 15 | IILM University, Greater Noida | Dr. Taruna Gautam |
| 16 | Lloyd Group of Institutions | Dr. Rajeev Agrawal |
| 17 | Amity University UP Noida Campus | Dr. Balvinder Shukla |
| 18 | ITS Engineering College | Mayank Garg |
| 19 | GL Bajaj Inst. of tech & Mgmt | Dr. Preeti Bajaj |
| 20 | Chaudhary Charan Singh University (CCSU) | Prof Sangeeta Shukla |
| 21 | MIT Meerut | Puneet Agarwal |
| 22 | Shobhit University Meerut | Prof. V. K. Tyagi |
| 23 | IIMT Unversity Meerut | Deepa Sharma |
| 24 | MIET ,Meerut | Shree Puneet Agarwal |
| 25 | Shobhit University (Gangoh) | Somprabh Dubey (Director) |
| 26 | Maa Shakumbhari University | Prof Vimala Yadav |